**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 14.03.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

प्रदेशभर में आज रंगों के पर्व होली का उल्लास और रौनक नजर आ रही है। सुबह से ही बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग एक–दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दे रहे हैं। लोग टोलियों में धुलंडी का आनन्द ले रहे हैं। मंदिरों में हो रहे भजन कीर्तन में भी दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी है। जयपुर के प्रसिद्ध गोविंददेव जी मंदिर, करौली के प्रसिद्ध मदन मोहन मंदिर और चित्तौड़गढ़ के सांवलिया मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। दौसा में चंग और नौबत की थाप पर होली के गीतों की गूंज है।

............

ब्रज क्षेत्र भरतपुर में भी चारों तरफ रंग गुलाल से सराबोर हुरियारों की टोलियां नजर आ रही हैं। उधर, बालोतरा में ढूंढोत्सव के साथ रंगों का अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। झुंझुनूं में होली के मौके पर प्रभात फेरी निकाली गई। सवाईमाधोपुर और जैसलमेर भी होली के रंगों के साथ सैलानियों से सराबोर है। जयपुर के खासा कोठी में पर्यटन विभाग की ओर से हो रहे होली उत्सव में रंगों की बौछार के बीच सैलानी धुलंडी मना रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रंगोत्सव कार्यक्रम में होली के त्यौहार का आनन्द ले रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास पर हो रहे इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से लोग मुख्यमंत्री के साथ होली खेलने आ रहे हैं। उधर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होली पर्व का आनन्द लेने कोटा पहुंचे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने होली पर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

.............

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को एकता का रंग मजबूत करने वाला बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में होली के पावन पर्व को नई ऊर्जा का संचार करने वाला बताया है। होली और रमजान का जुमा एक ही दिन पड़ने के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, खासतौर पर संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। जयपुर, अजमेर, कोटा और उदयपुर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कल बस्सी के हिंगोनिया गांव स्थित गौ पुनर्वास केंद्र में इको फ्रेंडली क्लब हाउस का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह के प्राकृतिक क्लब हाउस पर्यटन का हिस्सा बन सकते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ये प्राकृतिक आवास पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके साथ ही गौशाला में कुदरती तरीके से रहने का अनुभव मिलेगा। दिया कुमारी ने कहा कि इस तरह के नवाचार लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरुक करने में मदद करते हैं और एग्रो टूरिज़्म का हिस्सा बन सकते हैं।

000

दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू सौर ऊर्जा पहल–पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना ने 10 लाख लाभार्थियों की उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल फरवरी में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक छह लाख से ज्यादा लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में 4 हजार 770 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में सीकर, भरतपुर, दौसा, अलवर, बीकानेर, चूरू और जयपुर सहित कई जिलों में बारिश हुई। वहीं चौमूं, बानसूर, धौलपुर और कोटपूतली–बहरोड़ में ओले गिरे। इससे कई स्थानों पर तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। हालांकि बाडमेर, जोधपुर, पाली चित्तौडगढ, कोटा, भीलवाडा और दौसा सहित कई जगह गर्मी का असर रहा और पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ का असर आज और कल भी बने रहने की संभावना जताई है। आज 8 जिलों और कल 11 जिलों में आंधी, बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

000

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेलों में आयु संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रीय संहिता 2025 के मसौदे पर लोगों और हितधारकों से प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। इसका उद्देश्य आयु धोखाधड़ी को कम करना और वास्तविक एथलीटों की रक्षा करना है।

000